# यूपी में 5500 करोड़ निवेश करेगी स्वीडिश कंपनी

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

यूपी में रोजगार सृजन की दिशा में प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को एक और बड़ा कदम बढ़ा दिया। राज्य सरकार ने शुक्रवार को फर्नीचर व होम अप्लायंस बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक आइकिया के साथ एमओयू साइन किया। नोएडा में आइकिया भारत का अपना सबसे बड़ा आउटलेट शुरू करने जा रही है । स्वीडेन की यह कंपनी यूपी में 5500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी । कंपनी के साथ वर्चुअल एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद मौजूद रहे। कंपनी के यूपी में विस्तार के साथ करीब 50 हजार से ज्यादा रोजगार मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

**जमीन बिक्री से 60 करोड़ का राजस्व:** कंपनी नोएडा में अपना पहला स्टोर शुरू करने जा रही है । इसके लिए आइकिया प्रबंधन ने नोएडा में यूपी सरकार से 850 करोड़ की जमीन खरीदी है। नोएडा में जमीन की बिक्री की स्टांप ड्यूटी से ही यूपी को 60 करोड़ रुपये का राजस्व मिला है। नोएडा में खुल रहे स्टोर से हजारों युवाओं के लिए रोजगार के दरवाजे खुलने जा रहे हैं, वहीं कंपनी की नजर अगले चरण में पूर्वांचल और मध्य यूपी के दर्जन भर शहरों में विस्तार की है। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर से करीब 50 हजार लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

## 57 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले



औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने बताया कि आइकिया को नोएडा में 47833 वर्ग मीटर जमीन उपलब्ध कराई है। कोरोना काल के दौरान देश-विदेश की कंपनियों से यूपी में 57 हजार करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मिले थे। कंपनी 52 देशों में 433 से ज्यादा सेंटर चलाती है। कंपनी के सीएफओ पीटर बेटजेल ने शुक्रवार को यूपी में संभावनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हम यहां बेहतर और बड़ा काम करना चाहेंगे। कंपनी ने दिसंबर 2018 में प्रदेश सरकार को नोएडा और राज्य के अन्य शहरों में 5,500 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया था। पिछले 4 साल में नोएडा में यह पांचवां बड़ा विश्वस्तरीय निवेश है। इससे पहले माइक्रोसाफ्ट, सैमसंग, हीरानंदानी समूह का डाटा सेंटर और थैलेस कंपनी बड़ा निवेश कर चुकी हैं।